**<u>पहले जमा किए गए एक्सक्लूज़न/ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म को वापस लेने का अनुरोध</u>**

*Calderon et al v. Public Partnerships LLC*
न्यूयॉर्क पूर्वी ज़िले के लिए अमेरिकी ज़िला अदालत
दीवानी मुकदमा सं. 25-cv-02320 (FB)(LKE)

यदि आपने पहले अलग रहने का अनुरोध किया था ("ऑप्ट-आउट" फ़ॉर्म) और अब आप इस सेटलमेंट से अलग नहीं रहना चाहते, तो आपको 19 सितंबर, 2026 तक यह फ़ॉर्म भरकर जमा करना होगा।

**यदि आप पहले ही ऑप्ट-आउट कर चुके हैं, और फिर 19 सितंबर, 2026 तक यह फ़ॉर्म जमा करते हैं, और यदि सेटलमेंट को मंज़ूरी मिल जाती है, <u>तो आपको सेटलमेंट पेमेंट मिलेगी</u>।**

**सेटलमेंट पेमेंट और रिलीज़ के बारे में और जानकारी <u>WWW.PUBLICPARTNERSHIPSSETTLEMENT.COM</u> पर मिल सकती है।**

**इस दस्तावेज़ को <u>केवल</u> तभी भरें यदि आप अपना ऑप्ट-आउट फ़ॉर्म <u>वापस</u> लेना चाहते हैं और सेटलमेंट क्लास में बने रहना चाहते हैं। यदि आपने कभी भी ऑप्ट-आउट अनुरोध जमा नहीं किया था तो आपको यह फ़ॉर्म भरने की ज़रूरत नहीं है।**

**यह दस्तावेज़ ईमेल के ज़रिए <u>PublicPartnershipsSettlement@atticusadmin.com</u> पर भेजा जाना चाहिए या 19 सितंबर, 2026 तक या उससे पहले डाक-घर की मुहर लगाकर यू.एस. मेल के ज़रिए इस पते पर भेजा जाना चाहिए:**

Public Partnerships Settlement
c/o Atticus Administration
PO Box 64053
St. Paul, MN 55164

**आपके पहले जमा किए गए अलग रहने के अनुरोध को वापस लेने के लिए इस फ़ॉर्म को भरकर, आप इन बातों से सहमत हैं:**

अपने अलग रहने के अनुरोध को वापस लेने और सेटलमेंट क्लास में बने रहने का फैसला मेरा है। मैं यह समझता/समझती हूँ कि सेटलमेंट में बने रहने से मैं सेटलमेंट और इसके "रिलीज़" संबंधी प्रावधानों से बाध्य रहूँगा/रहूँगी।

_____ _____
*तिथि* *हस्ताक्षर*

_____
*पूरा नाम (पहला, मध्यम, अंतिम)*

_____
*डाक पता* *शहर, राज्य, ज़िप*

_____
*फ़ोन नंबर* *ईमेल पता*

_____
*जन्मतिथि*